>

Title: Regarding release of GST compensation to Maharastra. Government

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदय, देशभर में कोरोना की महामारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है । वैसे तो पूरा विश्व इसका सामना कर रहा है, लेकिन मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कोरोना के रोगी हैं । महाराष्ट्र सरकार इस बीमारी का सामना कर रही है, लेकिन केन्द्र सरकार को जितनी सहायता महाराष्ट्र सरकार की करनी चाहिए, वह उतनी नहीं कर पा रही है । केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी की जितनी रकम महाराष्ट्र की राज्य सरकार को देनी चाहिए, वह रकम केन्द्र सरकार ने अभी तक नहीं दी है । महाराष्ट्र सरकार सबसे ज्यादा टैक्स के रूप में केन्द्र सरकार को भुगतान करती है । आज केन्द्र सरकार से जितनी माँग महाराष्ट्र सरकार कर रही है, उतनी माँग पूरी नहीं हो पाई है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनती करता हूँ कि इस बीमारी का सामना करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को ज्यादा से ज्यादा सहायता दी जाए । महाराष्ट्र सरकार को जीएसटी का जितना भुगतान करना है, उतना भुगतान जल्दी से जल्दी महाराष्ट्र सरकार को देने की कोशिश की जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर, श्री अरविंद सावंत तथा श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।